# भू-नीर पोर्टल

**स्रोत: पी.आई.बी**

जल शक्ति मंत्रालय ने **8 वें भारत जल सप्ताह-2024** के दौरान **"भू-नीर" पोर्टल** लॉन्च किया, जो भारत में **भूजल** विनियमन को बढ़ाने के उद्देश्य से एक महत्त्वपूर्ण पहल है।

- **भू-नीर पोर्टल के बारे में:** भू-नीर पोर्टल को जल शक्ति मंत्रालय के तहत **केंद्रीय भूजल प्राधिकरण (CGWA)** द्वारा **राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC)** के सहयोग से विकसित किया गया था।
  - इसका उद्देश्य भूजल विनियमन में सुधार करना, भूजल उपयोग में पारदर्शिता, दक्षता और स्थिरता सुनिश्चित करना है।
- **प्रमुख विशेषताएँ:** पोर्टल में भूजल अनुपालन और नीतियों के लिये एक केंद्रीकृत डेटाबेस है, जो भूजल विनियमन को सरल बनाकर **व्यापार करने में सुगमता** को बढ़ाता है।
  - **स्थायी खाता संख्या** आधारित एकल ID प्रणाली के साथ उपयोगकर्त्ता अनुकूल इंटरफेस।
  - सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं के लिये QR कोड के साथ **NOC (अनापत्ति प्रमाण पत्र)** तैयार करना।
- देश में भूजल संसाधनों के विकास और प्रबंधन को विनियमित तथा नियंत्रित करने के लिये **पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986** के तहत CGWA का गठन किया गया है।
- वर्ष 1976 में स्थापित NIC, **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)** के तहत **ई-गवर्नमेंट अनुप्रयोगों का एक प्रमुख निर्माता** और सतत् विकास के लिये **डिजिटल अवसरों को बढ़ावा** देने वाला संगठन है।

**और पढ़ें:** **हमारे भूजल की सुरक्षा: सतत् भविष्य के लिये प्राथमिकता**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bhu-neer-portal